an>

Title: Congratulations to ISRO Scientists and Indian Contingent of Asian Athletics Championship.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, जैसा कि आप जानते हैं कि 5 जून, 2017 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने जीसैट-19 (GSAT-19) उपग्रह को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित करने के लिए देश का अब तक का सबसे भारी राकेट GLV-MK(D) सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया।

ऐसा करके हमारे देश ने एक बार फिर अंतरिक्ष के क्षेत्र में अपनी दक्षता एवं क्षमता का प्रदर्शन किया है। हमारे अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की इस उपलब्धि ने हमें गौरवान्वित किया है।

यह सभा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के सभी वैज्ञानिको को हार्दिक बधाई देती है जिन्होंने अपने कौशल और अथक परिश्रम से इसे सफल बनाया। सभा उनके भावी प्रयासों में सफलता की कामना करती है।

माननीय सदस्यगण, जैसा कि हम सभी जानते हैं कि भुवनेश्वर, ओडिशा में 6 से 9 जुलाई, 2017 तक आयोजित एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप, 2017 में भारतीय दल ने 12 स्वर्ण, 5 रजत और 12 कांस्य पदकों सहित कुल 29 पदक जीतकर पदक तालिका में सर्वोच्च स्थान हासिल करके इतिहास बनाया है।

यह उल्लेखनीय उपलब्धि राष्Âट्रीय गौरव का विÂषय है और हमारे सभी खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगी।

मुझे विश्वास है कि आप सभी मेरे साथ इस उपलब्धि के लिए भारतीय दल को बधाई देंगे।

â€¦(व्यवधान)

HON. SPEAKER: I have disallowed the Adjournment Motions.

...(*Interruptions*)

12.02 hours

(At this stage, shri Jai Prakash Narayan Yadav came

and stood on the floor near the Table)